## प्रारुप–11

**परियोजना का नाम–** जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड मोरी में आराकोट कलीच थुनारा डामटी मोटर मार्ग का निर्माण।

(प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।)

## विस्तृत आख्या

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 शासनादेश सं0 2454 / III–2 / 05–07 (प्रा0आ0) / 06 टी0सी0 दिनांक 28 अक्टुबर 2005 द्वारा 9 किमी0 द्वारा रू0 221.80 लाख की प्राप्त है। यह आराकोट थुनारा मोटर मार्ग के कि0मी0 6 से प्रारम्भ होकर ग्राम कलीच पाजुधार तक मोटर मार्ग आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा।

उक्त मोटर मार्ग के समरेखण की प्रस्तावित वास्तविक लम्बाई 7.600 कि0मी0 है, जिससे ग्राम कलीच पाजुधार पूर्ण रूप से मोटर मार्ग से जुड़ जायेंगे। यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इस क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने से ग्रामीणों को काफी लम्बी दूरी पैदल तय करके अपने दैनिक कार्यों को अंजाम देना पड़ता है विद्यार्थियों को पैदल रास्ते से आरकोट विद्यालय में अध्यन्न हेतु आना पड़ता है साथ ही ग्रामीणों द्वारा अपने खेतों में उत्पादित नगदी फसलों को खच्चरों पर ढुलान कर स्थानीय बाजार तक ढुलान करना पड़ता है जिससे कास्तकारों को उत्पादित फसलों का सम्पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता है।

मोटर मार्ग निर्माण के पश्चात ग्रामीण सुगमता पूर्वक कम ढुलान दरों पर अपनी नगदी फसलों का ढुलान कर पायेंगे, जिससे कास्तकारों को आर्थिक लाभ होगा तथा क्षेत्र का सामाजिक विकास होगा।

मोटर मार्ग निर्माण हेतु 5.6325 है0 आरक्षित एवं सिविल सोयम वनभूमि की आवश्यकता होगी जिसका हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

(ए0एस0 पंवार)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला